# आइएमटी विक्टोरा में 190 यूनिट रक्त एकत्रित



आइएमटी स्थित विक्टोरा कंपनी में आयोजित रक्तदान शिविर में रक्तदाता का उत्साहवर्धन करते रोटरी क्लब फरीदाबाद ईस्ट के पदाधिकारी • सौ. रोटरी क्लब

**वि. फरीदाबाद :** रोटरी क्लब फरीदाबाद ईस्ट की ओर से आइएमटी स्थित विक्टोरा आटो प्राइवेट लिमिटेड के प्रबंध निदेशक एचएस बांगा के जन्मदिन के अवसर पर रक्तदान शिविर आयोजित किया। इसमें कुल 190 लोगों ने अपना रक्तदान किया। प्रबंध निदेशक एचएस बांगा ने कहा कि रक्त प्रकृति का अमूल्य तोहफा है। रक्तदान महादान होता है, अपने जन्मदिन पर रक्तदान शिविर आयोजित कर उन्हें सुखद अनुभूति हो रही है। एकत्रित रक्त किसी का जीवन बचाने के काम आएगा। रोटरी फरीदाबाद ईस्ट के अध्यक्ष कुलबीर सचदेवा, रोटरी ब्लड बैंक के चेयरमैन एचएल भूटानी ने आयोजन के लिए एचएस बांगा का आभार जताया। इस मौके पर विक्टोरा इंडस्ट्री के प्रोजेक्ट चेयरमैन एके सोमवंशी, ज्योति नागपाल, रोटेरियन एनडी नागपाल, एमके मेहतानी, सचिन मंडोतिया, गौतम साहू, राजकुमार शर्मा, वीर नारायण, सुमित कुमार ने आयोजन में सहयोग किया।